प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
25.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

## प्रधानमंत्री–व्यापार मेला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वैश्विक व्यवधानों और अनिश्चितताओं के बावजूद भारत का निरंतर विकास हो रहा है। आज सुबह ग्रेटर नोएडा में उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि ये व्यवधान देश को विचलित नहीं करते बल्कि इन परिस्थितियों से नई दिशा और अवसर मिलते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन व्यवधानों के बीच आज भारत आने वाले दशकों के लिए नींव मजबूत कर रहा है और इसमें देश का संकल्प, आत्मनिर्भर भारत का मंत्र निहित है। उन्होंने कहा कि अभी तीन दिन पहले ही अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू किए गए हैं। प्रधानमंत्री ने इन सुधारों को संरचनात्मक परिवर्तन बताते हुए कहा कि ये भारत की विकास गाथा को गति देंगे।

## एंटी–चिट्टा

राज्य सरकार नशे की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से एंटी–चिट्टा वॉलंटियर योजना शुरू करेगी। इस योजना के तहत एक हजार से अधिक एंटी चिट्टा वॉलंटियर तैनात किए जाएंगे जो पुलिस व लोगों सहित अन्य हितधारकों के बीच एक मजबूत सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के निर्देशों पर शुरू की जा रही इस नई योजना से जमीनी स्तर पर खुफिया तंत्र सुदृढ़ करने, युवाओं व समाज में जागरूकता लाने, प्रभावितों को पुर्नवास सेवा प्रदान की जाएगी। योजना के तहत पंजीकृत स्वयंसेवियों को सेवाओं के लिए मानदेय भी प्रदान किया जाएगा।

## जीएसटी

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अब लोग 22 सितम्बर से लागू जीएसटी सुधारों का लाभ उठा सकते हैं। नए ढांचे के अंतर्गत जीएसटी परिषद ने 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत, 28 प्रतिशत की पूर्व की चार–स्तरीय संरचना को 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो–स्तरीय संरचना में बदल दिया है। विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दर कम होने से नागरिकों को काफी राहत मिल रही है। एक रिपोर्ट–

*नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी सुधारो के तहत सरकार ने कारीगरों, व्यापारियों और ग्राहकों को राहत प्रदान करने के लिए हस्तशिल्प क्षेत्र में टैक्स में बड़ी कटौती की है। सरकार ने लकड़ी, पत्थर, और धातु से बनी मूर्तियों पर टैक्स दर को 12: से घटाकर 5: कर दिया है। टैक्स में कमी से पेंटिंग, हस्तशिल्प, मामबत्तियां, लकड़ी से बने सामान और मिट्टी तथा तेरा कोटा से बने बर्तन सस्ते हुए हैं जिसका लाभ ग्राहकों को मिल रहा है। इसी प्रकार कॉटन और जूट से बने हैंडबैग और शॉपिंग बैग पर भी टैक्स दर को 12: से घटाकर 5: कर दिया गया है जिससे इन वस्तुओं की खरीदारी में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई*

*है। जीएसटी ढांचे में हुए सुधारों पर बात करते हुए व्यापार विशेषज्ञ दिलीप बैध ने कहा कि हस्तशिल्प पर जीएसटी दर में कमी से भारतीय बाजार को बढ़ावा मिलेगा। त्योहारों के मौसम में हस्तशिल्प क्षेत्र में सुधार से जहां ग्राहकों को फायदा मिल रहा है, वही इस क्षेत्र के कारीगरों की भी आजीविका बेहतर हुई है।*

हर्षवर्धन चौहान

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि प्रदेश सरकार गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में सरकारी व निजी संस्थानों को बेहतर समन्वय के साथ कार्य करना होगा। आज सोलन में निजी विश्वविद्यालय द्वारा विश्व फार्मासिस्ट 2025 के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि स्वास्थ्य जैसे अहम क्षेत्र में फार्मासिस्ट लोगों को घर–द्वार पर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि बद्दी–बरोटीवाला नालागढ़ क्षेत्र में करीब 6 सौ से अधिक फार्मा कम्पनियां कार्यरत हैं और बी.फार्मा व डी.फार्मा करने वाले युवाओं के भविष्य प्रदेश में सुरक्षित हैं। उद्योगमंत्री ने विद्यार्थियों से अपने लक्ष्य निर्धारित करने और नशे से दूर रहकर बेहतर समाज के निर्माण में अपना योगदान देने का आहवान किया।

स्वास्थ्य जांच

पत्र सूचना कार्यालय शिमला द्वारा दीनदयाल उपाध्याय की टीम के सहयोग से सी.जी.ओ. परिसर के सभी कार्यालयों के स्टॉफ की जांच के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इस दौरान बी.पी., शुगर और हीमोग्लोबिन सहित विभिन्न प्रकार की जांच की गई। शिविर का उद्देश्य केन्द्र सरकार द्वारा संचालित स्वच्छता अभियान के तहत सफाई मित्रों के स्वास्थ्य की जांच करना था। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इस महीने की 17 तारीख को शुरू किए गए स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत ऐसे शिविर अनेक स्थानों पर लगाए जा रहे हैं।

———————————————————